# सस्ते दर पर जैविक खाद उपलब्ध है निगम भिलाई में

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 9 एस.एल.आर.एम. सेंटर संचालित हो रहे है। सभी एस.एल.आर.एम. सेंटर में कार्य करने वाले स्वच्छता दीदीयों द्वारा पारंपरिक विधि से जैविक खाद बनाया जा रहा है। जो बहुत ही उपयोगी एवं गुणकारी है, कोई भी व्यक्ति उसको अपने किचन गार्डन, गमलो, खेतो एवं फार्म हाउस में उपयोग के लिए खरीद सकते है। यह खाद सस्ते दर पर उपलब्ध है, इसी खाद को मार्केट में जब हम खरीदते है। 15 से 20 रूपये मिलता है, 1 किलो का पैकेट 10 रूपये पर उपलब्ध है। थोक में लेने पर 25 किलो की बोरी 5 रूपये पर उपलब्ध है और अधिक लेने पर आवश्यकतानुसार और सस्ता हो जाएगा। रसायनिक खाद मिटटी, फसल एवं स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। इस खाद से सब्जी, भाजी उगाने पर पुराने समय के जैसे गुणकारी सेहतमंद स्वाद मिलते है। कार्यालयीन अवधि में निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर काम करने वाली स्वच्छता दीदी मधु जोशी मोबाईल नम्बर 9589791766 एवं एम सिंह समूह 9522915105 से संपर्क कर सकते है। जैविक खाद्य बिक्री से बिक्री जो राशि मिलती है उसको वहा का काम करने वाली स्वच्छता दीदीयो में के बीच में बांट दिया जाता है। जिससे उनके परिवार का जीविकापार्जन होता है।